टेरर फंडिंग : विधायक इंजीनियर रशीद पर लटक रही है तलवार

श्रीनगर 13सितंबर(ए.)। टेरर फंडिंग मामले में अब विधायक इंजीनियर रशीद पर तलवार लटक सकती है। सिर्फ यही नहीं बल्कि पाकिस्तान की आईएसआई से अगर रशीद के तार जुड़े होने के सबूत मिलते हैं तो उन्हें विधानसभा की सदस्यता भी गंवानी पड़ सकती है। रशीद पर आरोप है कि कश्मीर में हालात खराब करने के लिए वह आईएसआई के इशारे पर काम कर रहे थे और आईएसआई के दो ब्रिगेडियर उनके लिए पैसा जुटा रहे थे। एनआईए ने इस बात का खुलासा किया है। विधानसभा के स्पीकर कविन्द्र गुप्ता ने इस बात को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच की जाएगी और अगर ऐसा पाया जाता है तो रशीद की विधानसभा सदस्यता को रद्द कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा के नियमों पर गौर किया जाएगा। लेकिन यह भी सच है कि रशीद को अभी तक कारण बताओ नोटिस जारी नहीं किया गया है। रशीद विधानसभा में हंगामे करने के लिए चर्चा में रहते हैं। वह आए दिन विवादास्पद बयान भी जारी करते रहते हैं।

गर्भवती ने 85 दिन कोमा में रहने के बाद दिया बेटी को जन्म

पुणे,13सितंबर(ए)। बुरहानपुर की एक महिला ने करीब 85 दिनों तक कोमा में रहने के बाद स्वस्थ बेटी को जन्म दिया है। पुणे के डॉक्टर महिला का जीवन बचाने में भी कामयाब रहे हैं। पिछले 8 सालों से डायबिटीज से पीड़ित 32 वर्षीय प्रगति साधवानी को जब करीब साढ़े तीन माह का गर्भ था, तभी 5 मार्च को वह अचानक ही अचेत हो गई। डॉक्टरों ने हाइपोग्लाइसेमिक कोमा की स्थिति बताई। उनके नर्वस सिस्टम को भी नुकसान पहुंचा था। उन्हें 20 मार्च को पुणे के रूबी हॉल क्लीनिक में न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. रूस्तम वाडिया के पास भेजा गया। लंबे समय तक कोमा में रहने से परिजनों की उम्मीदें खत्म हो चुकी थीं लेकिन आखिरकार डॉक्टरों ने महिला और उसके नवजात को बचा लिया। परिजनों ने हॉस्पिटल की तारीफ में पीएम और मप्र के मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखा, जिसके बाद हॉस्पिटल ने महिला के इलाज के खर्च से भी परिजनों को राहत दे दी। प्रगति करीब 132 दिन तक हॉस्पिटल में भर्ती रहीं। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनीता तेंडुलवाडकर ने बताया कि प्रगति ने जुलाई अंत में 2.2 किलोग्राम की एक पूर्ण स्वस्थ बेटी को जन्म दिया।

जदयू सिंबल पर ईसी के फैसले पर शरद यादव बोले- जारी रहेगी यह जंग

नई दिल्ली, 13सितंबर(ए)। बिहार के सीएम नीतीश कुमार के भाजपा से हाथ मिलाने के बाद से ही उनकी पार्टी जनता दल यूनाइटेड में खींचतान मची हुई है। पार्टी के वरिष्ठ नेता शरद यादव इस मामले में नीतीश की खुलकर मुखालफत कर रहे हैं। इस बीच पार्टी के सिंबल को लेकर शरद यादव को चुनाव आयोग ने झटका दिया है। इसके बाद भी शरद यादव अपनी लड़ाई जारी रखने की बात कर रहे हैं। चुनाव आयोग की ओर से पार्टी का प्रतीक चिन्ह न दिए जाने के बाद जद यू के वरिष्ठ नेता शरद यादव ने कहा कि यह एक संघर्ष और जंग है जिसे मैं जीतूंगा। उन्होंने आगे बताया, 'यह एक तरह का संघर्ष और लड़ाई है। हम इसका सामना करने के लिए तैयार हैं। मैं आज नहीं बोल रहा क्योंकि अभी हर किसी को केवल सुन रहा हूं। चुनाव आयोग ने मंगलवार को सबूतों के अभाव में शरद यादव के उस दावे को खारिज कर दिया है, जिसमें जद यू का पार्टी सिंबल उन्हें देने के लिए आवेदन दिया गया था। शरद यादव द्वारा दायर की गयी याचिका के विरोध में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता वाली पार्टी जदयू भी चुनाव आयोग के पास अपनी याचिका लेकर पहुंची। जदयू ने यह भी कहा है कि शरद यादव ने अपनी मर्जी से पार्टी का साथ छोड़ा है व पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त हैं। इसके विरोध में याचिका दायर करने वाले प्रतिनिधिमंडल में आरसीपी सिंह, संजय झा, ललन सिंह व केसी त्यागी हैं।

सपा पर बरसे योगी, कहा-अखिलेश के नाम पर कोई अपने बच्चों का नाम नहीं रखेगा

लखनऊ13सितंबर(ए)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर जोरदार हमला बोला है। मंगलवार को एक कार्यक्रम में योगी ने कहा कि अखिलेश यादव के काम की जगह उनके कारनामे बोल गये। वह इतिहास के उस पात्र की तरह हैं जिसके नाम पर लोग पुत्र का नाम नहीं रखते। अखिलेश को किसानों की कर्जमाफी पर इसलिए आपत्ति है क्योंकि यह पैसा उन लोगों की जेब में जाता था। योगी ने कहा कि वह राजनीति से अपराध को खत्म करके रहेंगे। सरकार शीघ्र ऐसा कानून लाने जा रही है जिसमें संरक्षणदाताओं के साथ अपराधियों जैसा सलूक होगा। वहीं भाजपा के नए उत्तराधिकारी के सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा में कांग्रेस और सपा की तरह परिवारवाद नहीं है। यहां कोई किसी का उत्तराधिकारी नहीं होता। मैं पहले किसी पद का दावेदार नहीं था, आगे भी नहीं रहूंगा। सार्वजनिक जीवन में आने का मकसद सिर्फ सेवा करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले साल से राशन का पैसा संबंधित कार्डधारक के खाते में भेजा जाएगा जिससे वह अपनी मर्जी की दुकान से राशन खरीद सके। राशनकार्ड को शहरों में आधारकार्ड से जोड़ा जा चुका है। अगले साल तक यह व्यवस्था गांवों में भी लागू करेंगे।

ब्लू व्हेल चैलेंज : गेम खेलते हुए स्कूल की छत से कूदा छात्र, 2 को बचाया गया

हावड़ा ,13सितंबर(ए)। हावड़ा जिला में अपने स्कूल में ऑनलाइन ब्लूव्हेल चैलेंज गेम खेल रहे नौवीं के तीन छात्रों में से एक स्कूल की पहली मंजिल से कूद गया। हालांकि, घटना के बाद तीनों छात्रों को बचा लिया गया। पुलिस ने बताया कि ये तीनों बगनान स्थित एक सरकारी उच्च विद्यालय की नौवीं कक्षा के छात्र हैं। पुलिस ने बताया कि स्कूल खत्म होने के समय शिक्षकों ने किसी के गिरने की आवाज सुनी थी और इनमें से एक छात्र को जमीन पर पड़ा देखा था। दो अन्य छात्र प्रथम तल पर मौजूद थे, जहां से वह छात्र कूदा था। हालांकि, उसे गहरी चोट नहीं आई। उन्होंने बताया कि वे ब्लू व्हेल चैलेंज गेम खेल रहे थे। उन्हें बगनान पुलिस थाना ले जाया गया।

ट्रंप के घर में आया नन्हा मेहमान

वॉशिंगटन 13सितंबर(ए)। अमरीकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप के घर नन्हे मेहमान की एंट्री हुई है। दरअसल ट्रंप 9वीं बार दादा बने हैं। राष्ट्रपति ट्रंप के बेटे एरिक ट्रंप की पत्नी लारा ने मंगलवार को बेटे को जन्म दिया इस नन्हे मेहमान का नाम एरिक ल्यूक रखा गया है। ट्विटर पर नए मेहमान के जन्म की घोषणा की गई। ट्रंप ने घोषणा के बाद ट्विटर पर अपने बेटे और बहू को बधाई दी। एरिक ट्रंप, डोनाल्ड ट्रंप और इवाना ट्रंप के दूसरे बेटे हैं। ट्रंप परिवार शुरू से बिजनेस में रहा है। इवाना ट्रंप अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पहली पत्नी हैं। ट्रंप ने इवाना से साल 1977 में शादी रचाई थी। यह शादी साल 1992 तक ही चल पाई, लेकिन इस कपल ने होटल और रियल एस्टेट इंडस्ट्री में नए आयाम हासिल किए।

जाधव का इरादा था सीपीईसी में तोड़फोड़ करना : पाक मंत्री

कराची, 13सितंबर(ए)। पाकिस्तान के आंतरिक मामलों के मंत्री अहसान इकबाल ने कहा है कि कुलभूषण यादव सीपीईसी में तोड़फोड़ करने के इरादे से बलूचिस्तान में घुसे थे। पाक सरकार इस बात को लेकर अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में अपना पक्ष रखेगा। उनका कहना है कि जाधव का मामला इस बात का सबूत है कि पाक-चीन की महत्वाकांक्षी योजना सीपीईसी में भारत सरकार गतिरोध पैदा करना चाहती है।

गुरुग्राम स्कूल हत्याकांड पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कई खुलासे

गुरुग्राम 13सितंबर(ए.)। गुरुग्राम के रेयान इंटरनेशनल स्कूल में जिस सात वर्षीय बच्चे की हत्या की गई उसके पोस्टमार्टम से पता चला है कि उस पर यौन हमला नहीं किया गया और ज्यादा खून बहने से उसकी मौत हुई। बच्चे के शव का पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर दीपक माथुर ने कहा कि बच्चे के शरीर पर कट के दो निशान थे और नस काटी गई थी जिस वजह से वह मदद के लिए चिल्ला नहीं सका। उन्होंने कहा, ''रिपोर्ट में दूसरी बात यह सामने आई है कि बच्चे की मौत अधिक खून बहने की वजह से हुई है। बच्चे पर कोई यौन हमला नहीं हुआ और उसके स्कूली ड्रेस पर वीर्य का कोई निशान भी नहीं मिला। गुरुग्राम प्रशासन की ओर से गठित तीन सदस्यीय तथ्यान्वेषी समिति ने जिला आयुक्त विनय प्रताप सिंह को रिपोर्ट सौंप दी है। सिंह ने बताया, समिति को स्कूल की तरफ से कई खामियों का पता चला है। मसलन, खिड़की टूटी हुई थी, कंडक्टरों और ड्राइवरों का पुलिस सत्यापन नहीं किया गया। उधर, पुलिस ने बच्चे के दो सहपाठियों के बयान रिकॉर्ड किए हैं। गुरुग्राम की इस जघन्य घटना के बाद केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने लोगों से आग्रह किया कि भय का कोई माहौल नहीं होना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि उनका 'विनम्र निवेदन' है कि देश में लाखों में स्कूल हैं और ऐसे में 'भय का माहौल' नहीं बनाया जाना चाहिए और बच्चों का स्कूल जाना जारी रखना चाहिए।उधर, हरियाणा के शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ने कहा कि नियमों को ताक पर रखने वाले निजी स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सरकार बच्चों के भविष्य को लेकर गंभीर है। नियमों का पालन करने के लिए स्कूलों को आदेश दिए गए हैं।

कोर्ट स्थानांतरित करने की अपील, सुप्रीम कोर्ट पहुंचा रेयान समूह का अधिकारी

नयी दिल्ली 13सितंबर(ए.)। रेयान समूह के एक अधिकारी ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय का रूख कर छात्र की हत्या के मामले की सुनवायी सोहणा स्थित स्थानीय अदालत से बाहर स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बार एसोसिएशन ने इस सनसनीखेज मामले में आरोपी की पैरवी करने से वकीलों को प्रतिबंधित कर दिया है। प्रधान न्यायाधीश दीपक मिश्रा, न्यायमूर्ति अमिताव रॉय और न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर की पीठ ने वरिष्ठ वकील के टी एस तुलसी की इस दलील पर विचार किया कि अपनी पसंद के वकील के जरिए पैरवी करवाने के एक व्यक्ति के मौलिक अधिकार का उल्लंघन हो रहा है। पीठ ने रेयान समूह के उत्तरी जोन के प्रमुख फ्रांसिस थॉमस के वकील को आश्वासन दिया है कि वह 18 सितंबर को याचिका पर सुनवायी करेगी। गत शुक्रवार को स्कूल में एक छात्र की हत्या के संबंध में थॉमस को सोमवार को गिरफ्तार किया गया। तुलसी ने आरोप लगाया कि हरियाणा में सोहणा तथा गुडगांव के बार एसोसिएशनों ने अपने सदस्य वकीलों से कहा है कि वे सात वर्षीय प्रद्युमन की नृशंस हत्या के आरोपी या किसी व्यक्ति की पैरवी ना करें। तुलसी ने कहा, ''अनुच्छेद 21 (जीवन और निजी स्वतंत्रता के अधिकार) के तहत मौलिक अधिकार का उल्लंघन किया जा रहा है। गुड़गांव स्थित रेयान इंटरनेशनल स्कूल के शौचालय में आठ सितंबर की सुबह दूसरी कक्षा के छात्र प्रद्युमन की गला काटकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने आरोप लगाया कि 42 वर्षीय बस कंडक्टर अशोक कुमार ने बच्चे का यौन शोषण करने की कोशिश की लेकिन बच्चे द्वारा इसका विरोध करने पर उसने चाकू से उसकी हत्या कर दी। उच्चतम न्यायालय इस संबंध में प्रद्युमन के पिता और न्यायालय की दो महिला वकीलों की याचिकाओं पर भी सुनवायी कर रहा है।

पोखरण में फायरिंग के दौरान थलसेना की तोप क्षतिग्रस्त

नई दिल्ली, 13सितंबर(ए)। पोखरण फायरिंग रेंज में क्षेत्र परीक्षण के दौरान थलसेना की नई लंबी दूरी वाली तोप अल्ट्रा लाइट होवित्जर (यूएलएच) एम-777 क्षतिग्रस्त हो गई। इस मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। थलसेना सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि अमेरिका में बनी इस तोप के बैरल में उस वक्त विस्फोट हो गया जब इसमें दो सितंबर को भारत में निर्मित गोला-बारूद भरकर दागा जा रहा था। बोफोर्स कांड सामने आने के करीब 30 साल बाद भारत को मई में 35-35 करोड़ रुपए में दो एम-777 यूएलएच मिले थे। यह घटना इन्हीं दो एम-777 यूएलएच में से एक में हुई है। बीएई सिस्टम्स की ओर से बनाए गए 155 एमएम, 39-कैलिबर के तोपों का क्षेत्र परीक्षण राजस्थान के पोखरण में किया जा रहा था। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। सूत्र ने बताया कि तोप का बैरल क्षतिग्रस्त हो गया और इसमें कितना नुकसान हुआ, इसका पता संयुक्त जांच टीम लगा रही है। बीएई सिस्टम्स के एक प्रवक्ता ने बताया कि एम 777 के फील्ड फायरिंग के दौरान इसमें दर्ज की गई खराबी से कंपनी अवगत है।

उन्होंने कहा, '' हम घटना की जांच के लिए भारतीय सेना और अमेरिकी सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ।'' उन्होंने साथ ही कहा कि कंपनी जरूरी मदद मुहैया कराने के लिए तैयार है। सेना को 145 गन के लिए दिए गए आर्डर के तहत ये तोपें मिली थी और प्रशिक्षण के लिए सितंबर 2018 तक सेना को तीन और गनों की आपूर्ति की जानी है।

फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाकर नेताओं की संपत्ति की जांच हो : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, 13सितंबर(ए)। सुप्रीम कोर्ट ने नेताओं की बेहिसाब संपत्ति की जांच के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने की जरबदस्त वकालत की है। हालांकि केंद्र सरकार ने इसका कड़ा विरोध किया है।

केंद्र सरकार ने कहा कि ऐसे मामलों में सीबीडीटी संतोषजनक काम कर रहा है जिसके लिए अलग से कोई व्यवस्था बनाने की जरूरत नहीं है। अटार्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने जस्टिस जे चेल्मेश्वर और अब्दुल नजीर की पीठ के समक्ष यह बात मंगलवार को कही जब कोर्ट ने पूछा कि ऐसे नेताओं को आयकर कानून के तहत ही क्यों ट्राई किया जा रहा है। इसमें आपराधिक मामला क्यों नहीं चलना चाहिए। विशेष अदालत में त्वरित ट्रायल क्यों नहीं किया जाना चाहिए। जनता को पता लगना चाहिए कि संपत्ति कहां से और कैसे आई।

पीठ ने कहा कि यदि वह कहते हैं कि वे बिजनेस करते हैं जिससे उनकी संपत्ति बढ़ी है तो सवाल यह है कि वे जनप्रतिनिधि रहते हुए बिजनेस कैसे कर सकते हैं। कोर्ट ने कहा संपत्ति की घोषणा करना ही काफी नहीं है उसकी जांच होनी चाहिए। आयकर कानून के तहत कार्रवाई काफी नहीं है।

इस पर अटार्नी जनरल ने कहा कि सीबीडीटी का उद्देश्य ही यही है कि वे बेहिसाब संपत्ति की जांच करे। इसके लिए उसे निर्देश देने की जरूरत नहीं होती। वह देखता है कि कोई अधिक संपत्ति होने का सही कारण नहीं दे पाया है तो उसका केस आयकर के मूल्यांकन अधिकारी को भेजा दिया जाता है, जो कानून के अनुसार काम करता है। अटार्नी जनरल ने सलाह दी कि सुप्रीम कोर्ट फैसले में संसद को विशेष अदालत बनाने पर विचार करने का आग्रह कर सकता है जो इस दिशा में एक सकारात्मक बल का काम करेगा।

हालांकि सरकार के उलट राष्ट्रीय निर्वाचन आयोग ने नेताओं की संपत्ति की जांच के लिए अलग से त्वरित अदालतें गठन करने की मांग का समर्थन किया है। वहीं आयोग शपथपत्र में सपंत्ति के स्रोत का खुलासा करने की मांग के पक्ष में भी है। सीबीडीटी ने सुप्रीम कोर्ट में एक शपथपत्र पेश किया है जिसमें ऐसे नेताओं की सूची 98 सीलबंद लिफाफे में दी गई है जिनकी संपत्ति दो चुनावों के बीच 500 फीसदी बढ़ी है। इसमें बोर्ड ने कहा है कि सात सांसद और 98 विधायक ऐसे हैं जिनके संपत्ति शपथपत्र में विसंगतियां पाई गई हैं। 42 विधायकों का आयकर मूल्यांकन किया जा रहा है। कोर्ट ने इसके साथ ही लोकप्रहरी की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। याचिका में मांग की गई है कि नेताओं को अपनी शपथपत्र में संपत्ति की घोषणा करना ही नहीं बल्कि उसके स्रोत का भी खुलासा करना चाहिए। चार वर्ष विधि आयोग ने नेताओं के मुकदमे के लिए अलग से विशेष अदालतें बनाने के खिलाफ अपनी राय दी थी। आयोग का कहना था कि कानून की निगाह में सब बराबर हैं किसी को अगल करने के नहीं देखा जा सकता।

राहुल ने विदेश में जाकर सरकार की आलोचना नहीं करने की स्थापित परंपरा तोड़ी: रविशंकर

नई दिल्ली, 13सितंबर(ए)। कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा अमरीका में नरेन्द्र मोदी सरकार की आलोचना करने पर उन्हें आड़े हाथ लेते हुए कहा कि उन्होंने विदेश में जाकर सरकार की आलोचना नहीं करने की भारतीय राजनीति की स्थापित परंपरा को तोड़ा है तथा उन्हें सरकार के प्रदर्शन पर राहुल के ''प्रमाणपत्र'' की जरूरत नहीं है। राहुल गांधी के बर्कले विश्वविद्यालय में दिए गए भाषण के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में प्रसाद ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कहा, ''राहुल गांधी ने भारतीय राजनीति की इस स्थापित परंपरा को तोड़ा है कि जब आप विदेश जाते हैं तो आप सरकार के बारे में गलत नहीं बोलते।

'राहुल गांधी से प्रमाण पत्र नहीं चाहिए' : मनमोहन सिंह सरकार के भ्रष्टाचार के काल में जब हम विदेश जाते थे तो इस तरह का कुछ भी नहीं कहते थे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत कुछ हो-हल्ला होने के बावजूद हम मौन रहते थे। '' उन्होंने कहा, ''इसके अलावा दूसरी बात कि क्या राहुल गांधी हमारी तारीफ करेंगे, आप हमें यह बता दीजिए। हमें अपने प्रदर्शन का पैमाना या प्रमाणपत्र राहुल गांधी से नहीं चाहिए क्योंकि वह कभी देंगे नहीं। प्रसाद ने कहा, '' जो व्यक्ति आज तक यह स्वीकार करने को तैयार नहीं है कि हमारी पार्टी इतनी बुरी तरह से हारी कैसे। 'हमको अहंकार आ गया 2012 में', यह बात समझने में उन्हें पांच साल लग गये। वो भी स्वीकारोक्ति कैलिफोर्निया में की गई। तो आप खुद समझ सकते हैं कि इस बारे में उनकी क्या सोच है। राहुल गांधी ने बर्कले विश्वविद्यालय में मोदी सरकार पर लगाए गंभीर आरोप कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर करारा हमला बोलते हुए उन पर बांटने वाली राजनीति को बढ़ावा देने, जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के लिए जगह पैदा करने और अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने के आरोप लगाए। कांग्रेस उपाध्यक्ष ने स्वीकार किया कि 2012 के आसपास पार्टी ने ''लोगों से संवाद करना बंद कर दिया था।'' उन्होंने कहा कि यह ऐसी किसी भी पार्टी की समस्या हो सकती है जो 10 साल तक सत्ता में रही हो।

11 अक्टूबर को होगा गुरदासपुर लोकसभा उप -चुनाव

चंडीगढ़, 13सितंबर(ए)। गुरदासपुर लोकसभा सीट के लिए उपचुनाव 11 अक्टूबर को होगा। चुनाव आयोग की आज यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार, केरल की वेंगरा विधानसभा सीट के लिए भी उसी दिन उपचुनाव कराया जाएगा। दोनों उप चुनावों की मतगणना 15 अक्टूबर को होगी। गुरदासपुर लोकसभा सीट भारतीय जनता पार्टी के सदस्य विनोद खन्ना के निधन से रिक्त हुई है। इन दोनों उपचुनावों के लिए अधिसूचना 15 सितंबर को जारी की जाएगी और उसी दिन से नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नामंकन पत्र भरने की आखिरी तिथि 22 सितंबर होगी तथा 25 सितंबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी।

मुंबई में भारी बारिश, नगर निगम अधिकारी बोले- किसी भी स्थिति से निपटने को तैयार

मुंबई 13सितंबर(ए.)। मुंबई शहर में एक संक्षिप्त अंतराल के बाद मंगलवार रात से भारी बारिश हो रही है लेकिन अभी तक कहीं से किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है। स्थानीय प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि महानगर मुंबई में बिजली की चमक और बादलों की गरज के साथ भारी बारिश हुई। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने बताया कि मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे से आज सुबह साढ़े आठ बजे तक कोलाबा वेधशाला ने 56.8 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की और सांताक्रूज वेधशाला ने 103.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की।

अधिकारी के मुताबिक, भारी बारिश के बाद निचले इलाकों में थोड़ा-बहुत पानी जमा हो गया लेकिन इससे यातायात प्रभावित नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि मध्य, पश्चिमी और हॉर्बर तीनों रेलखंडों पर उपनगरीय ट्रेनें पांच से दस मिनट की देरी से चल रही हैं लेकिन सरकारी बीईएसटी बसें अपने निर्धारित समय पर चल रही हैं। अधिकारी ने बताया, ''वृहन्न मुंबई नगर निगम ने किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए अपनी मशीनरी को तैयार रखा है।'' गत 29 अगस्त को तेज हवा के साथ हुई बारिश के कारण महानगर में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया था।

अफगान सीमा पर गश्त में शामिल होने के लिए तैयार पाक : अब्बासी

इस्लामाबाद 13सितंबर (ए.)। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहिद खाकान अब्बासी ने कहा है कि उनका देश सीमा पर आतंकवादियों से निपटने के लिए अफगानिस्तान के साथ संयुक्त गश्ती दल बनाना चाहता है। अब्बासी का यह बयान अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा आतंकवादियों को सुरक्षित पनाहगाह देने के लिए पाकिस्तान की आलोचना के कुछ वक्त बाद आया है।अब्बासी ने कहा कि पाकिस्तान अफगान मुद्दे के शांतिपूर्ण समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। अब्बासी ने कहा,''हम (अफगानिस्तान से सटी सीमा पर) संयुक्त गश्त के लिए तैयार हैं।''

अब्बासी ने अफगानिस्तान के साथ 2,600 किलोमीटर लंबी सीमा पर बाड़ लगाने का भी उल्लेख किया,जिसका काम पहले ही शुरू हो चुका है।उन्होंने कहा,''हम वहां (अपनी सीमा पर) बाड़ लगा देंगे। अफगानों का उनकी सीमा पर बाड़ लगाने के लिए स्वागत है।''उन्होंने कहा कि प्रतिदिन सीमा पार करके आने वालों की द्विपक्षीय जांच के लिए पाकिस्तान एक संयुक्त गश्ती दल गठित करने के लिए तैयार है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में पाक अमरीका के साथ काम करने के लिए तैयार उल्लेखनीय है कि अफगानिस्तान में अस्थिरता के कारण पाकिस्तान को बड़े पैमाने पर नुकसान उठाना पड़ा है और उसका मानना है कि अफगानिस्तान के संघर्ष का समाधान अफगानिस्तान के नेतृत्व एवं उसके स्वामित्व वाला होना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि आतंकवादी वास्तव में अफगानिस्तान में हैं और पाकिस्तान में हमले करते हैं। अब्बासी ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अमरीका के साथ काम करने के लिए तैयार है और दोनों पक्षों को इन मुद्दों को बातचीत के जरिए हल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अमरीका-पाकिस्तान के संबंध 70 साल से ज्यादा पुराने हैं और इसे अफगानिस्तान के माध्यम से परिभाषित नहीं किया जाना चाहिए। अब्बासी ने एक सवाल के जवाब में कहा, कि पाकिस्तान को अमरीका से कोई विशेष अनुरोध नहीं मिला है और यदि उनके साथ कोई सूचना साझा की जाती है, तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा,''हम अन्य देशों की संप्रभुता का सम्मान करते हैं और उनसे भी ऐसी ही उम्मीद करते हैं।